**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 18 अगस्त 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

**सबसे पहले पेश हैं मुख्य समाचार :-**

**1. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिला पंचकुला के मोरनी व कालका के 19 गांवों के कच्चे रास्तों को पक्का करने के निर्देश दिए।**

**2. हरियाणा सरकार ने 2023 में हड़ताल पर गए लिपिकों की हड़ताल अवधि को अर्जित अवकाश से समायोजित करने का फैसला लिया।**

**3. केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि स्कूलों मे विद्यार्थियों की सुरक्षा के मामले में सरकार किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगी।**

**4. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि हरियाणा के विश्वविद्यालयों में खेल विभाग के पांच उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जाएंगे।**

**5. हरियाणा के शिक्षा मंत्री ने वोट चोरी के आरोप पर कांग्रेस की आलोचना की।**

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिला पंचकूला के पहाड़ी क्षेत्र मोरनी व कालका के 19 गांवों के लगभग 61 किलोमीटर कच्चे रास्तों को पक्का करने के निर्देश दिए हैं। इन सड़कों की चौड़ाई 12 फुट होगी और यह पेवर ब्लॉक से बनायी जाएँगी। मुख्यमंत्री ने आज निर्माण विभाग और वन विभाग के अधिकारीयों के साथ एक समीक्षा बैठक के बाद कहा कि उन्होंने वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर इन गांवों में सड़कों के निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि इन गांवों में सड़क बनने से वहां के निवासियों को आवाजाही के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी और इन इलाकों में विकास के मार्ग प्रशस्त होगी। उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश में नई सड़कों के निर्माण और मुरम्मत में गुणवता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुणवता से किसी भी प्रकार का समझौता कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तय समय सीमा में विकास कार्यों को पूरा ना करने वालों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने पंचकूला के थापली बधिशेर से कोटी , पिंजौर मल्लाह से मंगनीवाला और गोबिंदपुर से थाथर सड़क का वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर इनका निर्माण भी अतिशीघ्र शुरू करने को कहा है। इसके अलावा, उन्होंने पानीपत से सफीदों , सफीदों से जींद और अम्बाला में साहा चौक से पंचकूला-यमुनानगर चार मार्गीय सड़क तक व साहा चौक से कालपी तक तथा टोहाना रतिया सड़क के सुदृढ़ीकरण व चौड़ा करने के कार्य को जल्द शुरू करने के भी निर्देश दिए हैं।

*****************************************************************

हरियाणा सरकार ने साल 2023 में हड़ताल पर गए लिपिकों की हड़ताल अवधि को उपार्जित अवकाश माना जाएगा। सरकार ने उनके हित में निर्णय लेते हुए कहा है हड़ताल अवधि का न तो वेतन काटा जाएगा और न ही इस अवधि को सेवा में ब्रेक माना जाएगा।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि हड़ताल पर जाने से पूर्व अर्जित अथवा संचित 'अर्जित अवकाश' को सर्वप्रथम समायोजित किया जाएगा, इसके पश्चात अर्ध वेतन छुट्टी को लिया जाएगा। इसके बाद भी यदि हड़ताल अवधि शेष रहती है तो अग्रिम अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाएगा, जिसे संबंधित लिपिकों के भविष्य में अर्जित होने वाले अवकाश खाते से समायोजित किया जाएगा। यह छूट केवल एक बार की विशेष व्यवस्था के तौर दी जा रही है।

*****************************************************************

केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि स्कूलों में विद्यार्थियों की सुरक्षा के मामले में सरकार किसी भी तरह की लापरवाही को बदर्शस्त नहीं करेगी। लोकसभा में आज पूरक प्रश्नों के उत्तर में, श्री चौधरी ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तथा स्कूल बोर्डों को समय-समय पर दिशानिर्देश जारी किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा

**1- जयंत चौधरी**

*****************************************************************

महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी होंगे। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कल नई दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद इसकी घोषणा की। श्री नड्डा ने कहा कि गठबंधन के सभी सहयोगियों ने इस निर्णय का समर्थन किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के इस फैसले का स्वागत किया है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्री राधाकृष्णन ने सार्वजनिक सेवा के लम्बे दौर में अपनी विनम्रता, बुद्धिमत्ता और समर्पण से अलग पहचान बनायी है। विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने हमेशा जनसेवा और समाज के वंचित वर्गों के सशक्तिकरण पर ध्यान दिया।

*****************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि हरियाणा को खेलों में अग्रणी बनाए रखने और मिशन ओलंपिक 2036 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य में खेल अवसंरचना को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जाएगा। इसके तहत प्रदेश की विश्वविद्यालयों में खेल विभाग के 5 उत्कृष्टता  केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने आज चंडीगढ़ में मिशन ओलंपिक 2036 के संबंध में खेल विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के बाद यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक केंद्र में तीन खेलों की सुविधा होगी, यानी इन केंद्रों में कुल मिलाकर 15 खेलों का प्रशिक्षण एवं सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित विश्वविद्यालयों के साथ बैठक कर इस कार्य को जल्द पूरा किया जाए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में खेल प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तैयार करने, खेल अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने और खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ठोस रणनीति तैयार करने पर जोर दिया।

**************************************************************
हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल सिंह ढांडा आज जींद की चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति अनुसार बहु विषयक शिक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया।

इस कार्यशाला का आयोजन हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद एवं चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने चर्चा के लिए आए हुए विद्वानों से इस बारे गंभीरता से चर्चा करने को कहा। बाद में मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री ने वोट चोरी के आरोप पर कहा –

**2- महिपाल ढांडा**

**************************************************************

फरीदाबाद जिले के उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा है कि यमुना किनारे बसे गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने कहा –

**3- विक्रम सिंह**

उन्होंने कहा की यमुना से सटे गाँवों में मुनादी भी कराई जा रही है । हमारे संवाददाता ने बताया है कि बसंतपुर, मुजेसर, खोरी और आसपास के कई गांवों में यमुना का पानी घुस चुका है। खेतों और घरों के निचले हिस्सों में करीब एक से डेढ़ फुट तक पानी भर गया है, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सबसे अधिक प्रभावित गांव बसंतपुर बताया जा रहा है, जहां लगभग 50 से अधिक घरों में पानी भर चुका है

****************************************************************

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष भाटिया ने कहा है कि भिवानी के मनीषा हत्या मामले में राज्य महिला आयोग लगातार पुलिस प्रशासन के संपर्क में है। और इस मामले में पूरी संवेदनशीलता के साथ अपनी नजर बनाए हुए है।

उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा –

**4-रेनू भाटिया**

उन्होंने कहा कि इस मामले में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख़्त कार्रवाई की जाएगी।

****************************************************************